मध्यप्रदेश शासन

प्रशासकीय प्रतिवेदन

2017–18

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग

प्रशासकीय प्रतिवेदन
2017–18

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग

मंत्री, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण	:	**श्री सूर्य प्रकाश मीणा**

सचिवालय

अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त	:	**श्री पी.सी. मीणा**
प्रमुख सचिव	:	**श्री अशोक बर्णवाल**
उप सचिव	:	**श्री अतुल कुमार मिश्रा**
अवर सचिव	:	**श्री अनूप कुमार मुण्डा**

संचालनालय

संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी	:	श्री सत्यानन्द, आयुक्त, उद्यानिकी

निगम

मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम	:	श्री सत्यानन्द, प्रबंध संचालक

अनुक्रमणिका

क्रमांक	संकाय	पृष्ठ क्रमांक

संचालनालय

संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी

भाग–1	(1) विभागीय संरचना	6–7
	(2) अधीनस्थ कार्यालय	8
	(3) विभाग के अंतर्गत आने वाले मण्डल/उपक्रम/संस्थाओं का विवरण	8
	(4) विभाग के दायित्व	8
	(5) विभाग से संबंधित सामान्य जानकारी	8–10
	(6) सामान्य प्रमुख विशेषतायें	11
	(7) महत्वपूर्ण उद्यानिकी सांख्यिकी	12–16
भाग–2	बजट विहंगावलोकन (एक दृष्टि में)	17
	बजट प्रावधान, लक्ष्य, व्यय (मदवार)	
भाग–3	**विभाग द्वारा संचालित योजनाएं**	**18**
	(अ) राज्य पोषित योजनाएं	**19–25**
	(ब) केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं	**26–38**
	(स) विश्व बैंक की सहायता से चलाई जाने वाली योजनायें	**39–40**
	मध्यप्रदेश वाटर सेक्टर रीस्ट्रक्चरिंग योजना (एम.पी.डबल्यू.एस.आर.पी.)	
	(द) विदेशी सहायता प्राप्त योजनाएं/परियोजाएं	**41**
	(ई) अन्य योजनायें	**41**
भाग–4	सामान्य प्रशासनिक विषय	42
भाग–5	अभिनव योजना	43
भाग–6	विभागीय प्रकाशन	44
भाग–7	सारांश	44

क्रमांक	संकाय	पृष्ठ क्रमांक

निगम

मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम लिमिटेड

* स्थापना, उद्देश्य, मुख्य गतिविधियां, कृषि आदान, विपणन व्यवस्था प्रशासकीय संरचना — 45—50
* यांत्रिकी कृषि प्रक्षेत्र बाबई — 50
* उपलब्धियॉ — 50—51

परिशिष्ट— 1

* एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) अंतर्गत अनुदान विवरण परिशिष्ट—1 — 52—69

संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी
मध्यप्रदेश भोपाल

दूरभाष – +91755–2578491

फैक्स – +91755–2768159

ई–मेल – dirhort@mp.nic.in

बेवसाइट – www.horticulture.mp.gov.in

विभागीय ढाँचा


मंत्री
उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण
कृषि उत्पादन आयुक्त
प्रमुख सचिव
उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
आयुक्त सह संचालक
उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी
संभाग स्तर
संयुक्त संचालक उद्यान
जिला स्तर
उप/सहायक संचालक उद्यान

विभागीय संरचनाः–



अपर संचा. – अपर संचालक, संयुक्त संचा.उ. – संयुक्त संचालक उद्यान, उप संचा. उ. – उप संचालक उद्यान, सहा. संचा.उ. – सहायक संचालक उद्यान, सहा. सांख्य. अधि– सहायक सांख्यकी अधिकारी, व.उ.वि.अधि. –वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, उ.वि.अधि. – उद्यान विकास अधिकारी, ग्रा.उ.वि.अधि. – ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, प्रयो. सहा. – प्रयोगशाला सहायक

2. अधीनस्थ कार्यालय :

2.1 संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय (01),
2.2 कार्यालय संयुक्त संचालक उद्यान, संभाग स्तर (08)
2.3 जिला स्तर
2.3.1 कार्यालय उप संचालक उद्यान (21) ए ग्रेड जिले
2.3.2. कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (30) बी ग्रेड जिले
2.3.3 प्रक्षेत्र/फार्म स्तर
कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (08)
2.4 विकासखण्ड स्तर
कार्यालय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी (313)
2.5 नर्सरी स्तर
कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी (307)
2.6 प्रशिक्षण केन्द्र (02)
2.7 प्रमुख उद्यान (02)

3. विभाग के अंतर्गत आने वाले मण्डल/उपक्रम/संस्थाओं का विवरण :

मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम लिमिटेड

4. विभाग का दायित्व :

i. उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि
ii. उच्च प्रजाति के पौधों का उत्पादन एवं वितरण
iii. सब्जी एवं मसाला फसलों का विकास
iv. औषधीय एवं सुगंधित फसलों का विकास
v. उद्यानिकी के विकास हेतु यंत्रीकरण को प्रोत्साहन।
vi. फसलोत्तर प्रबंधन अंतर्गत शीतश्रृंखला को प्रोत्साहन।
vii. व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती का विकास।
viii. आधुनिकतम तकनीकी का प्रचार–प्रसार एवं कृषकों को प्रशिक्षण एवं भ्रमण।
ix. उद्यानिकी उत्पादन का भण्डारण, विपणन एवं प्रसंस्करण व्यवस्था का समन्वय।
x. उद्यानिकी में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति को बढ़ावा देना।

5. विभाग से संबंधित सामान्य जानकारी :

5.1 उद्देश्य

देश एवं प्रदेश की उन्नति सर्वोपरि है। अतः कृषकों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत करना होगा ताकि किसान आर्थिक रूप से संपन्न हो सके और देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सके। अर्थशास्त्रियों का यह मानना है कि किसी भी देश/प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास की गति कृषकों के उत्थान से ही सफल हो सकती है, जिसके लिये प्रदेश के विकास में उद्यानिकी एक सशक्त माध्यम है।

प्रदेश फल, फूल, सब्जी, मसाला, औषधीय एवं सुगंधित फसलों के उत्पादन में आत्म निर्भर होकर देश में अग्रणी उत्पादक की भूमिका अदा करे, इस हेतु राज्य शासन एवं भारत सरकार के उपक्रमों/संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रदेश की उद्यानिकी संपदा में वृद्धि करने के लिये संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी का गठन इस उद्देश्य से किया गया कि प्रदेश में उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार के साथ–साथ उच्च प्रजाति के पौधों का उत्पादन एवं वितरण, सब्जियों, मसाले, पुष्प, औषधीय एवं सुगंधित फसलों के उन्नत बीज/कन्द उपलब्ध हो सकें, साथ ही कृषकों को उनके उत्पादों का फसलोत्तर प्रबंधन, परिरक्षण एवं विपणन की जानकारी मिल सके।

उद्यानिकी के क्षेत्र में विस्तार हेतु योजनाओं में आधुनिक तकनीकी को सतत् अपनाते हुए उत्पादन, प्रबंधन एवं निर्यात के क्षेत्र में उपयोगी बनाने की महती आवश्यकता है।

उद्यानिकी फसलों का महत्व मनुष्य के भोजन में पौष्टिक तत्वों की पूर्ति, कृषकों की नगद आय बढ़ाने एवं विदेशी मुद्रा अर्जित करने के साथ–साथ पर्यावरण में सुधार करना है। आहार विशेषज्ञों की राय के अनुसार मनुष्य के उत्तम स्वास्थ्य एवं पोषण आहार के लिये प्रतिदिन फल, सागभाजी एवं मसालों की अत्यन्त आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति को पोषण आहार जैसे– फल, सब्जी, मसाले आसानी से उपलब्ध हो सके, इसकी पूर्ति हेतु विभाग क्षेत्र विस्तार के साथ–साथ उत्पादन एवं उत्पादकता वृद्धि तथा भण्डारण एवं विपणन की अधोसंरचना विकास हेतु संकल्पित होकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति की ओर अग्रसर है।

5.2 स्थापना : मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र एवं उत्पादन में वृद्धि करने तथा प्रदेश वासियों को संतुलित पोषण आहार उपलब्ध कराने की दृष्टि से 12 फरवरी, 1982 को राज्य शासन द्वारा कृषि विभाग के अधीन उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संचालनालय की स्थापना की गई।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में एवं कृषि पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी तथा मध्यप्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम को मिलाकर, कृषि विभाग से पृथक कर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का गठन किया गया है, जिसकी अधिसूचना दिनांक 22 दिसंबर, 2005 को जारी की गई।

5.3 दिनांक 31.12.2017 की स्थिति में स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की स्थिति निम्नानुसार है :–

क्र	पद	वेतनमान	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद
1	संचालक	37400–67000+10000	1	1	0
2	अपर संचालक उद्यान	37400–67000+8700	2	1	1
3	संयुक्त संचालक उद्यान	15600–39100+7600	12	2	10
4	उप संचालक उद्यान	15600–39100+6600	22	8	14
5	उप संचालक सांख्यिकी	15600–39100+6600	1	0	1
6	सहायक संचालक उद्यान	15600–39100+5400	54	33	21
7	प्रशिक्षण अधिकारी सहा. संचा.	15600–39100+5400	1	1	0
8	सहायक संचालक सांख्यिकी	15600–39100+5400	1	1	0
9	सहायक संचालक उद्यान स्थापना	15600–39100+5400	1	0	1
10	लेखाधिकारी वित्त सेवा	15600–39100+5400	1	1	0
11	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	9300–34800+3600	2	1	1
12	सहायक प्रोग्रामर	9300–34800+3600	1	1	0
13	वरि.उ.वि.अधि.	9300–34800+3600	377	127	250
14	उ.वि.अधिकारी	5200–20200+2800	380	277	103
15	ग्रा.उ.वि.अधिकारी	5200–20200+2400 5200–20200+2100	1100	806	294
16	प्रयोगशाला सहायक	5200–20200+1900	1	1	0
17	ग्रंथपाल	5200–20200+2400	1	0	1
18	अधीक्षक	9300–34800+3600	9	2	7
19	शीघ्रलेखक	5200–20200+2800	14	8	6
20	सहायक ग्रेड–1	5200–20200+2800	59	18	41
21	लेखापाल	5200–20200+2400	73	57	16
22	आडिटर	5200–20200+2400	2	2	0
23	सहायक ग्रेड–2	5200–20200+2400	68	46	22
24	सहायक ग्रेड–3 (नियमित)	5200–20200+1900	157	108	49
25	स्टेनो टाइपिस्ट	5200–20200+1900	10	0	10
26	वाहन चालक (नियमित)	5200–20200+1900	22	13	9
27	ट्रेक्टर चालक	4440–7440+1300	8	0	8
28	भृत्य/चौकीदार (नियमित)	4440–7440+1300	147	118	29
29	माली (नियमित)	4440–7440+1300	548	548	0
30	लेब बॉय (नियमित)	4440–7440+1300	1	0	1
	योग		**3076**	**2180**	**896**
31	सहायक ग्रेड–3 (सांख्येत्तर)	5200–20200+1900	183	54	129
32	वाहन चालक (सांख्येत्तर)	5200–20200+1900	21	12	9
33	माली (सांख्येत्तर)	4440–7440+1300	317	317	0
34	वाहन चालक (संविदा)	कलेक्टर दर	13	4	9
	योग		**534**	**387**	**147**
	महायोग		**3610**	**2567**	**1043**

6. सामान्य प्रमुख विशेषतायें :

i विकास गतिविधियॉ

- प्रदेश में उद्यानिकी संपदा में वृद्धि के लिए फल, सब्जी, मसाले, पुष्प एवं औषधि के रकबे एवं उत्पादन में वृद्धि करना।
- टपक सिंचाई द्वारा जल का समुचित उपयोग कर उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि करना, तथा ''पर ड्राप मोर क्राप'' के सिद्धांत की पूर्ति करना है।
- गुणवत्तायुक्त पौध उत्पादन के लिए प्रदेश में मध्यप्रदेश फल पौध रोपणी (विनियमन) अधिनियम, 2010 एवं नियम, 2011 लाया गया है, जिसकी अधिसूचना दिनांक 04.01.2011 को जारी की गई है।
- प्रदेश में स्थापित शासकीय एवं निजी क्षेत्र की रोपणियों के उन्नयन आधुनिक तकनीकी का उपयोग कर किया जा रहा है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के माध्यम से वर्षवार निम्नानुसार शासकीय एवं निजी नर्सरियों की रेटिंग कराई गई है।

क्र	वर्ष	शासकीय रोपणी	निजी रोपणी	योग
1	2011–12	19	11	**30**
2	2012–13	0	2	**2**
3	2013–14	8	3	**11**
4	2014–15	2	0	**2**
5	2015–16	7	4	**11**
योग		**36**	**20**	**56**

- प्रदेश में शासकीय क्षेत्र में 307 तथा निजी क्षेत्र में 46 रोपणियाँ स्थापित है।

ii प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता

विभागीय अमले को समय समय पर उन्नतशील आधुनिकतम तकनीकी की जानकारी देने हेतु 3 माली प्रशिक्षण केन्द्र तथा पचमढ़ी में एक अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित है, जिनमें उद्यान अधीक्षक, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं मालियों को उद्यानिकी के विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है। साथ ही अन्य प्रदेशों में प्रचलित विधाओं/उन्नत तकनीकी आदि के प्रशिक्षण हेतु दूसरे प्रदेशों में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजा जाता है। कृषकों को उन्नत किस्म की खेती के संबंध में जानकारी देने हेतु ग्रीन हाऊस तकनीक, टपक सिंचाई पद्धति जैसी उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी हेतु कृषकों को राज्य के अन्दर तथा राज्य के बाहर भ्रमण कराकर उद्यानिकी की आधुनिक तकनीकी से अवगत कराया जाता है। कृषकों के ज्ञान मे वृद्धि के लिये प्रदेश के संभागों एवं जिलों में संगोष्ठी एवं प्रदर्शनियों का सतत् आयोजन किया जाता है।

iii फसलोत्तर प्रबंधन

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में फसलोत्तर प्रबंधन अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज, रायपनिंग चेम्बर, प्याज भण्डार गृह एवं पैक हाउस आदि के निर्माण हेतु मापदण्डानुसार अनुदान सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

7. उद्यानिकी सांख्यिकी :

मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता

क्षेत्रफल–हेक्टर में
उत्पादन–टन में
उत्पादकता–टन/हेक्टेयर में

अ–फल :–

क्र.	फसल का नाम	2014–15			2015–16		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	आम	26707	396065	14.83	36026	441977	12.27
2	अमरूद	25429	816271	32.1	25987	435333	16.75
3	ऑवला	13975	306751	21.95	16347	195279	11.95
4	संतरा	60150	1029768	17.12	95443	1175211	12.31
5	नीबू	11116	244663	22.01	16107	213033	13.23
6	मौसम्बी	8698	111073	12.77	9471	144686	15.28
7	केला	27795	1655748	59.57	22637	1555665	68.72
8	अनार	4565	48572	10.64	7330	63704	8.69
9	पपीता	13821	455402	32.95	9122	400109	43.86
10	खरबूज	3649	43715	11.98	2687	41392	15.41
11	तरबूज	3229	46950	14.54	5208	120869	23.21
12	सिंघाड़ा	226	1112	4.92	663	3141	4.74
13	बेर	4230	46403	10.97	7685	59728	7.77
14	कटहल	2849	115755	40.63	3648	59186	16.22
15	अंगूर	160	2160	13.5	85	1275	15.00
16	सीताफल	2735	37360	13.66	5369	61433	11.44
17	अन्य फल	19450	444433	22.85	27598	340164	12.33
योग		**228784**	**5801962**	**25.36**	**291411**	**5312184**	**18.23**

अ–फल		2016–17			2017–18 प्रथम अनुमान		
क्र.	फल का नाम	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	आम	43609.05	588541.77	13.50	45200.36	641121.14	14.18
2	अमरूद	32559.23	624654.25	19.19	37432.19	667433.79	17.83
3	ऑवला	20468.01	304079.49	14.86	20840.68	307058.92	14.73
4	संतरा	118688.99	1612146.30	13.58	120484.94	2039525.73	16.93
5	नीबू	18655.45	272870.63	14.63	19853.90	294541.94	14.84
6	मौसम्बी	10869.70	186510.26	17.16	10989.40	189310.82	17.23
7	केला	26969.80	1873689.24	69.47	27081.40	1891944.58	69.86
8	अनार	9350.62	103519.56	11.07	9491.47	109583.40	11.55
9	पपीता	10930.75	464189.29	42.47	11090.34	467432.13	42.15
10	खरबूज	4534.50	72001.96	15.88	4635.20	74684.40	16.11
11	तरबूज	7437.60	189698.06	25.51	7505.20	191985.15	25.58
12	सिघाड़ा	355.90	958.73	2.69	370.80	1002.64	2.70
13	बेर	9909.35	114101.41	11.51	10025.32	116047.13	11.58
14	कटहल	4242.84	83640.20	19.71	4385.40	83436.93	19.03
15	अंगूर	85.00	1275.00	15.00	85.00	1275.00	15.00
16	सीताफल	12478.88	147187.35	11.79	12913.88	154377.85	11.95
17	अन्य फल	14227.74	141081.87	9.92	16325.15	171967.12	10.53
योग		**345373.41**	**6780145.37**	**19.63**	**358710.63**	**7402728.67**	**20.64**

ब–सब्जियॉ :–

क.	सब्जी का नाम	2014–15			2015–16		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	आलू	136012	3048029	22.41	134136	2743001	20.45
2	शकरकंद	4083	79210	19.4	2513	35012	13.93
3	प्याज	117880	2842087	24.11	140837	3240389	23.01
4	टमाटर	70225	2176975	31	74231	1805502	24.32
5	भिण्डी	28105	327704	11.66	34788	448259	12.89
6	बैगन	46116	1153822	25.02	44884	846467	18.86
7	फूलगोभी	26042	750270	28.81	34345	715953	20.85
8	बंदगोभी	20452	605788	29.62	24009	491895	20.49
9	अरबी	13756	117201	8.52	11557	190029	16.44
10	हरीमटर	57802	580910	10.05	85822	717179	8.36
11	लौकी	13172	253561	19.25	17562	274618	15.64
12	करेला	8876	78286	8.82	8783	103839	11.82
13	मूली	3138	46913	14.95	12438	176125	14.16
14	पालक	3959	43153	10.9	15310	156804	10.24
15	गिल्की / तोरई	3321	38524	11.6	9256	107014	11.56
16	गाजर	1897	32439	17.1	3999	61834	15.46
17	ककड़ी	2227	34519	15.5	5646	128585	22.78
	शिमला मिर्च	0	0	0	1212	34531	28.50
18	परवल	1304	29601	22.7	180	3577	19.90
19	अन्य सब्जी	76	1391	18.3	65819	952494	17.32
योग		**666414**	**14121313**	**21.19**	**756812**	**13743780**	**14.47**

ब–सब्जी		2016–17			2017–18 प्रथम अनुमान		
क.	सब्जी का नाम	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	आलू	159997.16	3460980.46	21.63	155935.80	3537490.60	22.69
2	शकरकंद	4432.20	63449.79	14.32	4654.70	70881.76	15.23
3	प्याज	150839.21	3821046.22	25.33	143885.55	3687904.11	25.63
4	टमाटर	95395.42	2722682.98	28.54	97579.97	2783975.84	28.53
5	भिण्डी	43730.36	625832.04	14.31	45017.03	644935.12	14.33
6	बैगन	51672.84	1053515.75	20.39	51042.29	1036519.60	20.31
7	फूलगोभी	46354.81	991713.68	21.39	46871.72	1007664.75	21.50
8	बंदगोभी	28555.84	651596.18	22.82	31829.19	732948.99	23.03
9	अरबी	15051.97	251873.73	16.73	15432.05	257952.29	16.72
10	हरीमटर	95205.49	957601.58	10.06	96620.39	978615.47	10.13
11	लौकी	17918.73	335587.95	18.73	18432.50	343383.96	18.63
12	करेला	11230.97	148792.53	13.25	11506.60	147705.01	12.84
13	मूली	8701.41	124311.94	14.29	8760.91	150016.62	17.12
14	पालक	28357.62	313805.79	11.07	29460.20	325238.26	11.04
15	तोराई	12233.93	169565.88	13.86	12478.97	171828.01	13.77
16	गाजर	6421.93	116467.61	18.14	6937.30	129335.32	18.64
17	ककड़ी	7900.02	132562.28	16.78	9095.16	155246.13	17.07
18	शिमला मिर्च	1080.25	22440.34	20.77	1019.44	23424.59	22.98
19	परवल	268.51	4396.89	16.38	287.96	4748.29	16.49
20	अन्य सब्जी	84240.22	1301094.73	15.45	86222.66	1297809.91	15.05
योग		**869588.89**	**17269318.35**	**19.86**	**873070.39**	**17487624.63**	**20.03**

स–मसाला :–

क्र.	फसल का नाम	2014–15			2015–16		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	मिर्च सूखी लाल		456482	3.03	101436	373943	3.69
2	मिर्च हरी	150654	1238376	8.22		0	0
3	अदरक	26038	368438	14.15	19675	312960	15.91
4	लहसुन	103805	1240470	11.95	112987	1198090	10.60
5	हल्दी	8954	243549	27.2	9251	156832	16.95
6	धनिया पत्ती		368122	1.86	248354	0	0
7	धनियॉ	197915	197915	1		349941	1.41
8	मैथी बीज/पत्ती	35755	128718	3.6	47399	94233	1.99
9	जीरा	460	414	0.9	473	573	1.21
10	सौंफ	447	1010	2.26	2179	5917	2.72
11	अन्य मसालें	47137	225315	4.78	40399	194808	4.82
योग		**571165**	**4466510**	**7.82**	**582154**	**2687296**	**4.62**

स–मसाला		2016–17			2017–18 प्रथम अनुमान		
क्र.	मसाला का नाम	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	मिर्च सूखी लाल	98537.80	303626.69	3.08	95531.45	268379.30	2.81
2	हरी मिर्च	43149.25	701616.50	16.26	42812.84	723698.11	16.90
3	अदरक	23153.07	372637.80	16.09	23900.05	380483.58	15.92
4	लहसुन	156880.15	1779912.34	11.35	161507.90	1798934.06	11.14
5	हल्दी	12876.75	239241.39	18.58	13184.20	234809.72	17.81
7	धनियॉ बीज	275762.83	387428.14	1.40	277412.60	391462.42	1.41
8	मेथी बीज/पत्ती	54386.79	103002.44	1.89	53439.54	104218.47	1.95
9	जीरा	481.15	449.55	0.93	513.95	477.03	0.93
10	सौंफ	1431.38	2521.79	1.76	1478.73	2620.85	1.77
11	अन्य मसालें	44884.52	229184.69	5.11	45896.64	240088.31	5.23
योग		**711543.69**	**4119621.33**	**5.79**	**715677.90**	**4145171.85**	**5.79**

द–पुष्प :–

क्र.	पुष्प का नाम	2014–15			2015–16		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	गेन्दा	8143	89329	10.97	15155	166052	10.96
2	गुलाब	2428	13597	5.6	2705	14433	5.34
3	सेवन्ती	840	11046	13.15	950	7888	8.30
4	नौरंगा	3144	58321	18.55	0	0	0
5	रजनीगंधा	274	1099	4.01	129	1025	7.94
6	ग्लेडूलस	419	1010	2.41	799	8233	10.30
7	अन्य पुष्प	2502	33727	13.48	4151	30685.68	7.39
योग		**17750**	**208030**	**11.72**	**23890**	**228316**	**9.56**

द–पुष्प		2016–17			2017–18 प्रथम अनुमान		
क्र.	पुष्प का नाम	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	गेन्दा	18120.62	237083.95	13.08	19924.37	279223.72	14.01
2	गुलाब	2988.39	35168.15	11.77	2662.11	39828.16	14.96
3	सेवन्ती	929.46	11284.31	12.14	951.21	11575.17	12.17
4	रजनीगंधा	270.61	3208.33	11.86	230.10	10720.05	46.59
5	ग्लेडूल्स	1055.87	9448.17	8.95	1010.48	19101.65	18.90
6	अन्य पुष्प	5440.14	55496.15	10.20	5313.16	56166.26	10.57
योग		**28805.09**	**351689.06**	**12.21**	**30091.43**	**416615.01**	**13.84**

घ–औषधि :–

क्र.	औषधि का नाम	2014–15			2015–16		
		क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	अश्वगंधा	4227	6763	1.6	5880	7050	1.20
2	सफेद मुसली	700	700	1	1325	5289	3.99
3	ईसबगोल	30168	41934	1.39	35576	41485	1.17
4	चन्द्रसूर	7564	11346	1.5	0	0	0
5	तुलसी	4797	9498	1.98	0	0	0
6	कालमेद्य	2814	7007	2.49	0	0	0
7	कोलियस	152	228	1.5	82	463	5.64
8	अन्य औषधियॉ	15195	30086	1.98	15152	60394	3.99
योग		**65617**	**107612**	**1.64**	**58016**	**114681**	**1.98**
महायोग		**1549730**	**24702696**	**15.94**	**1712284**	**22086257**	**12.90**

घ–औषधि		2016–17			2017–18 प्रथम अनुमान		
क्र.	औषधि का नाम	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता	क्षेत्रफल	उत्पादन	उत्पादकता
1	अश्वगंधा	4135.43	5400.58	1.31	4069.60	5450.09	1.34
2	सफेद मुसली	1497.09	5490.59	3.67	1417.86	5577.23	3.93
3	ईसबगोल	19734.85	24008.46	1.22	22956.85	27769.26	1.21
4	कोलियस	116.10	622.59	5.36	166.30	890.36	5.35
5	अन्य औषधियॉ	15054.90	48827.80	3.24	15070.80	49177.63	3.26
योग		**40538.37**	**84350.02**	**2.08**	**43681.41**	**88864.57**	**2.03**
1	**सुगंधित फसल**	**1639.80**	**2322.87**	**1.42**	**1627.90**	**2263.25**	**1.39**
महायोग		**1997489.25**	**28607447.00**	**14.32**	**2022859.66**	**29543267.98**	**14.60**

भाग–2
बजट प्रावधान

आयोजना

वर्ष 2014–15 में आयोजना अंतर्गत सामान्य मद में 18335.34 लाख, अनुसूचित जनजाति मद में 4138.86 लाख तथा अनुसूचित जाति मद में 3331.86 लाख, इस प्रकार कुल 25806.06 लाख का व्यय हुआ है । वर्ष 2015–16 में आयोजना अंतर्गत सामान्य मद में 34585.83 लाख, अनुसूचित जनजाति मद में 4610.35 लाख तथा अनुसूचित जाति मद में 3780.88 लाख, इस प्रकार कुल 42977.06 लाख का व्यय हुआ है। वर्ष 2016–17 में सामान्य मद में 38384.84 लाख, अनुसूचित जनजाति मद में 8616.66 लाख तथा अनुसूचित जाति मद में 5059.99 लाख, इस प्रकार कुल 52061.49 लाख का व्यय हुआ है। वर्ष 2017–18 में माह दिसम्बर, 2017 अंत तक सामान्य मद में 16727.73 लाख, अनुसूचित जनजाति मद में 377.05 लाख तथा अनुसूचित जाति मद में 2634.49 लाख, इस प्रकार कुल 19739.27 लाख का व्यय हुआ है।

(राशि रूपये लाख में)

वर्ष	व्यय			
	सामान्य	अनुसूचित जनजाति उप योजना	अनुसूचित जाति उप योजना	योग
2014–15	18335.34	4138.86	3331.86	25806.06
2015–16	34585.83	4610.35	3780.88	42977.06
2016–17	38384.84	8616.66	5059.99	52061.49
2017–18 (दिस.–17)	16727.73	377.05	2634.49	19739.27

आयोजनेत्तर

वर्ष 2014–15 में आयोजनेत्तर मद में रूपये 11438.54 लाख, वर्ष 2015–16 में रूपये 12706.00 लाख का व्यय हुआ है। वर्ष 2016–17 में 52061.49 लाख का व्यय हुआ है। वर्ष 2017–18 में माह दिसम्बर, 2017 अंत तक 19739.27 लाख का व्यय हुआ है।

(राशि रूपये लाख में)

वर्ष	व्यय
2014–15	11438.54
2015–16	12706.00
2016–17	52061.49
2017–18 (दिस.–17)	19739.27

भाग–3

राज्य योजनायें तथा केन्द्र प्रवर्तित योजनायें :

विभाग के कार्यक्षेत्र में निम्नांकित विषय सम्मिलित हैं :–

उद्यानिकी अंतर्गत फल, साग–सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के क्षेत्र विस्तार उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि तथा प्रसंस्करण हेतु कार्य किया जाता है। इनके विकास हेतु विभाग द्वारा कृषकों के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजनाओं का विवरण निम्नानुसार है :–

अ. राज्य पोषित योजनाएं :–

1. फलपौध रोपण अनुदान योजना
2. सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना
3. मसाला क्षेत्र विस्तार योजना,
4. बाड़ी (किचन गार्डन) के लिए आदर्श कार्यक्रम
5. प्रदर्शन/मिनीकिट की योजना (वर्ष 2016–17 से बंद)
6. उद्यानिकी अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षण योजना
7. कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम
8. प्रदर्शनी मेला एवं प्रचार–प्रसार योजना
9. व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती की प्रोत्साहन योजना
10. उद्यानिकी के विकास हेतु यंत्रीकरण को बढ़ावा देने की योजना
11. औषधीय एवं सुगंधित फसल क्षेत्र विस्तार
12. पार्क एवं स्टेशन गार्डन का सुदृढ़ीकरण
13. फल सब्जी परिरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना
14. शासकीय रोपणियों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण
15. मौसम आधारित फसल बीमा योजना
16. नर्मदा नदी के दोनों तटो पर 1–1 किलोमीटर की पट्टी तक फल पौध रोपण की योजना
17. खाद्य प्रसंस्करण
18. नश्वर उत्पादों की क्षमता में वृद्धि

ब. केन्द्र पोषित/केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं :–

1. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH)
2. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKY)
   - 2.1 माईक्रो इरीगेशन (OFWM)
   - 2.2 वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (RAD)
3. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)
4. मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पौध मिशन (NMMP)
5. राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन (NMFP)

स. I. अधिनियम/नियम :–

1. मध्यप्रदेश फल पौध रोपणी (विनियमन) अधिनियम, 2010 एवं नियम 2011
2. बीज अधिनियम।

अ. राज्य पोषित योजनायें :–

I. जिला सेक्टर

1. फल पौध रोपण अनुदान योजना

फल पौध रोपण योजना को संशोधित कर वर्ष 2016–17 से नये स्वरूप में लागू किया गया है। योजनान्तर्गत प्रदेश की भूमि, जलवायु तथा सिंचाई सुविधा की उपलब्धता के आधार पर कृषकों द्वारा ड्रिप सहित उच्च/अति उच्च घनत्व के फल पौध रोपण कराने पर इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान 03 वर्षो में 60:20:20 के अनुपात में देय है। योजना के अंतर्गत न्यूनतम 0.25 हेक्टेयर एवं अधिकतम 4.00 हेक्टेयर के लिये अनुदान देय है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (हेक्टर)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	16879	10298	2058.34	1721.35	14711
2	2015–16	11752	11649	1979.00	1708.52	14706
3	2016–17	4521	2295	2924.83	1745.00	2834
4	2017–18 (दिस.–17)	6318	4084	3105.23	637.52	4933

2. सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना

सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना को संशोधित कर वर्ष 2016–17 से नये स्वरूप में लागू किया गया है। सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना के अंतर्गत (प्रमाणित उन्नत/संकर बीज) सब्जी फसलों में बीज की लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 10,000/– रूपये प्रति हेक्टेयर जो भी कम होगा अनुदान देय होगा। जड़ एवं कंद वाली व्यावसायिक फसल आलू एवं अरबी उत्पादन हेतु रोपण सामग्री की लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 30,000/– रूपये प्रति हेक्टेयर जो भी कम होगा अनुदान देय है। योजना के अंतर्गत न्यूनतम 0.25 हेक्टेयर एवं अधिकतम 2.00 हेक्टेयर के लिये अनुदान देय है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (हेक्टर)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	14092	13002	2013.00	1941.18	23309
2	2015–16	14765	14691	2013.00	1932.73	29451
3	2016–17	11832	6050	1693.20	482.13	7898
4	2017–18 (दिस.–17)	3914	5841	2833.00	212.95	7285

3. मसाला क्षेत्र विस्तार योजना

मसाला क्षेत्र विस्तार योजना को संशोधित कर वर्ष 2016–17 से नये स्वरूप में लागू किया गया है। बीज मसाला फसलों (मिर्च, धनिया, मेथी, करायल (कलोंजी), जीरा और अजवाइन) में बीज की लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 10,000/– रूपये प्रति हेक्टेयर जो भी कम होगा अनुदान देय है। जड़ एवं कंद/प्रकंद वाली व्यावसायिक फसल लहसुन, हल्दी एवं अदरक फसल उत्पादन हेतु रोपण सामग्री की लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 50,000/– रूपये प्रति हेक्टेयर जो भी कम होगा अनुदान देय है। योजना के अंतर्गत न्यूनतम 0.25 हेक्टेयर एवं अधिकतम 2.00 हेक्टेयर के लिये अनुदान देय है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (हेक्टर)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	12370	12426	1847.00	1808.64	22787
2	2015–16	13890	13598	1847.00	1744.11	25957
3	2016–17	7309	4170	1141.10	316.54	5627
4	2017–18 (दिस.–17)	5274	4203	1813.04	96.55	6031

4. बाड़ी (किचन गार्डन) के लिये आदर्श कार्यक्रम

राज्य शासन की प्राथमिकता के अन्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लघु/सीमांत किसानों एवं खेतिहर मजदूरों को इस योजना के अन्तर्गत उनकी बाड़ी हेतु स्थानीय कृषि जलवायु के आधार पर प्रति हितग्राही संख्या को रू. 75/–के सब्जी बीजों के पैकेट निःशुल्क वितरित किये जाते है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	939881	939881	704.94	704.94	939881
2	2015–16	1066619	1010053	800.00	797.61	1010053
3	2016–17	458707	438908	344.03	333.25	438908
4	2017–18 (दिस.–17)	308592	308592	257.16	199.77	308592

5. प्रदर्शन/मिनीकिट की योजना

योजना के तहत कृषक के खेतों पर 400 वर्ग मीटर या गठित समिति द्वारा निर्धारित फसल विशेष के लिये निर्धारित क्षेत्रफल में मिनिकिट द्वारा प्रदर्शन का आयोजन किया जाता है।

योजनान्तर्गत प्रदर्शन/मिनिकिट में लगने वाली आदान सामग्री (बीज एवं बीजोपचार दवा) विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदाय की जाती है। वर्ष 2016–17 से योजना बंद कर दी गई है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	548555	540004	1009.92	941.50	540004
2	2015–16	689426	686126	1172.27	0	686126

6. उद्यानिकी अधिकारी/कर्मचारियों का प्रशिक्षण

योजनांतर्गत संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के अधीन पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई नई तकनीक के विषय में जानकारी से अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण एवं रिफ्रेसर कोर्स आयोजित किये जाते हैं तथा राज्य के बाहर विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	560	445	219.30	151.76	445
2	2015–16	2200	906	185.00	183.55	906
3	2016–17	1000	376	118.74	118.67	376
4	2017–18 (दिस.–17)	1000	485	130.95	88.80	485

7. कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम

कृषकों को उद्यानिकी फसलों की खेती की नवीन तकनीक एवं उससे होने वाले लाभ से अवगत कराने हेतु कृषकों को प्रदेश के अंदर तथा प्रदेश के बाहर भ्रमण कराकर प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रय का विवरण निम्नानुसार है।

क्र	घटक	दर
1	2 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	रूपये 400/– प्रति कृषक प्रति दिवस
2	प्रदेश के अंदर भ्रमण एवं प्रशिक्षण	रूपये 1000/– प्रति कृषक प्रति दिवस
3	प्रदेश के बाहर भ्रमण एवं प्रशिक्षण	रूपये 1500/– प्रति कृषक प्रति दिवस
4	नवीन तकनीक के अवलोकन हेतु कृषकों को एक्सपोजर विजिट	रूपये 1500/– प्रति कृषक प्रति दिवस

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	19340	20987	517.00	369.87	20987
2	2015–16	47893	35226	481.00	419.56	35226
3	2016–17	12937	10354	495.96	470.07	10354
4	2017–18 (दिस.–17)	31315	10690	522.66	81.86	10690

8. प्रदर्शनी मेला एवं प्रचार प्रसार

योजनान्तर्गत विभागीय योजनाओं एवं फल, फूल, सब्जी एवं मसाला वाली फसलों की तकनीक की जानकारी कृषकों तक पहुँचाने हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनी एवं मेला आयोजित कर प्रचार–प्रसार किया जाता है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	2950	2686	171.73	168.96	27350
2	2015–16	2060	1588	206.00	169.05	77922
3	2016–17	2268	1992	232.78	211.44	66172
4	2017–18 (दिस.–17)	2790	870	279.00	87.00	34800

II. राज्य सेक्टर

9. व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती की प्रोत्साहन योजना

योजना का उद्देश्य संरक्षित खेती अंतर्गत विशेष प्रकार के निर्मित पाली हाऊस/शेडनेट हाऊस ढ़ांचे में गैर मौसम में भी खेती कर उच्च मूल्य की गुणवत्तायुक्त पुष्प एवं सब्जियों का अधिक उत्पादन लेकर कृषक अधिक आमदनी प्राप्त कर सके, तथा गुणवत्तायुक्त पुष्प एवं सब्जियॉ वर्षभर उपभोक्ता को उपलब्ध हो सके।

योजना में एकीकृत बागवानी विकास मिशन द्वारा निर्धारित मापदण्ड एवं बागवानी में प्लास्टिकल्चर उपयोग संबंधी राष्ट्रीय समिति (एन.सी.पी. ए.एच.) के द्वारा निर्धारित ड्राईंग डिजाइन के अनुसार ग्रीनहाऊस, शेडनेट एवं प्लास्टिक लो–टनल इत्यादि के निर्माण हेतु कृषकों को इकाई लागत का 50 प्रतिशत अनुदान देय है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (हेक्टर)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	2008	1584	500.00	351.50	1715
2	2015–16	13002	11829	3308.00	2235.42	14057
3	2016–17	494	222	2646.67	2623.97	335
4	2017–18 (दिस.–17)	1534	918.23	2125.34	934.94	875

10. उद्यानिकी के विकास हेतु यंत्रीकरण को बढ़ावा देने की योजना

उद्यानिकी फसलों की खेती में उपयोग में आने वाले आधुनिक यंत्रों की इकाई लागत ज्यादा होने से सामान्य कृषक इसका उपयोग नहीं कर पाते है, अतः ऐसे कृषको को योजनान्तर्गत यंत्रवार इकाई लागत का 50% अधिकतम निम्नानुसार अनुदान दिया जाता है :–

क्र	नाम यंत्र/उपकरण	इकाई लागत	अधिकतम अनुदान (रूपये)
1	पोटेटो प्लांटर/डिगर	60,000	30,000
2	गार्लिक/ओनियन, प्लांटर/डिगर	60,000	30,000
3	ट्रेक्टर माउण्टेड ऐरोब्लास्टर स्प्रेयर	1,50,000	75,000
4	पावर आपरेटेड प्रूनिंग मशीन	40,000	20,000
5	फागिंग मशीन	20,000	10,000
6	मल्च लेईंग मशीन	60,000	30,000
7	पावर टिलर	1,50,000	75,000
8	पावर वीडर	1,00,000	50,000
9	ट्रेक्टर विथ रोटावेटर (अधिकतम 20 एच.पी.)	3,00,000	1,50,000
10	ओनियन/गार्लिक मार्कर	1,000	500
11	पोस्ट होल डिगर (अर्थ अगर)	1,00,000	50,000
12	ट्रीप्रनूर	90,000	45,000
13	प्लांट हेज ट्रिमर	70,000	35,000
14	मिस्ट ब्लोअर	60,000	30,000
15	पॉवर स्प्रे पम्प	50,000	25,000

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	1220	585	500.00	412.82	585
2	2015–16	737	698	435.00	366.37	698
3	2016–17	1007	687	728.00	632.48	687
4	2017–18 (दिस.–17)	1619	1136	880.52	368.76	1136

11. औषधीय एवं सुगंधित फसल क्षेत्र विस्तार योजना

योजना के तहत कृषक को स्वेच्छा से क्षेत्र के अनुकूल औषधीय एवं सुगंधित फसल लगाने हेतु 0.25 हेक्टर से 2 हेक्टर तक लाभ देने का प्रावधान है। विभाग द्वारा आंवला, अश्वगंधा, बेल, कोलियस, गुड़मार, कालमेघ, सफेद मुसली, सर्पगंधा, शतावर एवं तुलसी की फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु भारत सरकार की गाईड लाईन में निर्धारित लागत मापदण्ड अनुसार अनुदान दिया जाता है :–

क्र.	वर्ष	भौतिक (हेक्टर)		वित्तीय (लाख में)		हितग्राही संख्या
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय	
1	2014–15	676	205	100.00	94.90	348
2	2015–16	368	361	100.00	94.92	786
3	2016–17	489	391	80.00	77.81	911
4	2017–18 (दिस.–17)	456	18.75	100.00	47.17	57

12. पार्क एवं स्टेशन गार्डन का सुदृढ़ीकरण

पार्क एवं स्टेशन गार्डन की सुदृढ़ीकरण योजना का उद्देश्य पुराने पार्क एवं स्टेशन गार्डनों का सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाना है। योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 से राजा भोज एयरपोर्ट एवं एन.एच.–12 के दोनों ओर सौंदर्यीकरण का कार्य भोपाल विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराया जा रहा है।

क्र.	वर्ष	भौतिक (संख्या)		वित्तीय (लाख में)	
		लक्ष्य	पूर्ति	आवंटन	व्यय
1	2014–15	1	1	200.00	200.00
2	2015–16 (दिस.–15)			160.00	84.44

13. फल सब्जी परिरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर की स्थापना

इंदौर में स्थापित फल सब्जी परिरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में फल एवं सागभाजी के परिरक्षित पदार्थ जैसे जेम, जैली, अचार, मुरब्बा, शरबत, केन्डी एवं अन्य परिरक्षित पदार्थ तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रत्येक सत्र में 30 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करते है।

क्र	वर्ष	हितग्राही संख्या संख्या
1	2014–15	585
2	2015–16	719
3	2016–17	648
4	2017–18 (दिस.–17)	996

14. शासकीय रोपणियों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण

विभाग द्वारा प्रदेश के 51 जिलों में कुल 307 नर्सरियॉ संचालित की जा रही है। ज्यादातर नर्सरियों की स्थापना 30–35 वर्ष पूर्व की गई थी, जो वर्तमान परिपेक्ष्य में उद्देश्यों की पूर्ति करने में सक्षम नहीं है। उनके उन्नयन की महती आवश्यकता है।

राज्य शासन के दृष्टिपत्र 2018 के अंतर्गत विभाग की 100 नर्सरियों के उन्नयन का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिवर्ष 20 नर्सरियों के उन्नयन हेतु चयनित किया गया है। वर्ष 2016–17 में चयनित 20 नर्सरियों के उन्नयन का कार्य प्रारंभ किया गया है।

15. मौसम आधारित फसल बीमा :–

प्रदेश में उद्यानिकी कृषकों की फसलों के बीमा हेतु वर्ष 2013–14 से मौसम आधारित फसल बीमा योजना क्रियान्वित की जा रही है। इसके अंतर्गत खरीफ की फसलें–बैंगन, प्याज, टमाटर, केला, पपीता, मिर्च एवं संतरा तथा रबी मौसम की फसलें–आलू, टमाटर, बैगन, प्याज पत्तागोभी, फूलगोभी, हरी मटर, धनिया, लहसुन, आम, अंगूर एवं अनार फसलें शामिल है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2016 से मौसम आधारित फसल बीमा हेतु नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार उक्त फसलों की बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक द्वारा एवं शेष प्रीमियम का 50:50 केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है योजना के मापदण्डों के अनुरूप मौसम के निर्धारित घटकों में विचलन आने पर कृषकों को क्लेम देय होता है।

(राशि करोड़ रूपये में)

वर्ष	बीमित कृषक संख्या	रकबा (हेक्टेयर)	कुल प्रीमियम राशि (करोड़ रूपये में)	दावा भुगतान	हितग्राही कृषक संख्या
2014–15	168771	89824	68.40	48.66	165535
2015–16	249321	154502	105.51	70.65	167031
2016–17	514364	329593.91	222.28	178.09	390517
2017–18 (दिस.–17)	358749	224903	118.30	–	–

16. नर्मदा नदी के दोनों तटो पर 1–1 किलोमीटर की पट्टी तक फल पौध रोपण की योजना :–

शासन द्वारा मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी के संरक्षण एवं प्रदूषण मुक्त करने के साथ क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नदी के दोनों तटों पर 1–1 किलोमीटर की पट्टी तक निजी भूमि में फल पौध रोपण की योजना वर्ष 2016–17 से स्वीकृत की गई है। योजनान्तर्गत प्रथम वर्ष में 5000 द्वितीय वर्ष में 20000 तथा तृतीय वर्ष में 20000 कुल 45000 हेक्टेयर में फल पौध रोपण कराने हेतु कृषकों को अनुदान हेतु राशि रूपये 534.20 करोड़ का प्रावधान है। वर्ष 2017–18 में 14774 कृषकों के यहॉ 44.45 लाख फलदार पौधों का रोपण किया गया है।

17. खाद्य प्रसंस्करण :–

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु नवीन नीति वर्ष 2016 में स्वीकृत कराई गयी जिसके तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा दिया जावेगा। नश्वर उत्पादों की भण्डार क्षमता में वृद्धि हेतु प्याज भण्डारण गृह निर्माण की विशेष योजनान्तर्गत 2 वर्षो में 5 लाख मी. टन शीतगृह भण्डारण एवं कृषकों के प्रक्षेत्र में 5 लाख मी. टन प्याज भण्डारण क्षमता वृद्धि तथा 500 कोल्ड रूम निर्माण की योजना स्वीकृत कराई गयी।

इस रणनीति के तहत प्याज भण्डारण की क्षमता 5 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 137225 मीट्रिक टन क्षमता के प्याज गृह निर्मित हो चुके है। इस प्रकार अभी तक कुल क्षमता 2.75 लाख मीट्रिक टन विकसित हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 3.028 लाख मीट्रिक टन क्षमता के प्याज भण्डार गृह निर्माणाधीन है।

नश्वर उत्पादों के भण्डारण हेतु कोल्ड स्टोरेज हेतु 02 वर्षो में 5 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 3.32 लाख मीट्रिक टन क्षमता विकसित हो रही है।

ब. केन्द्र पोषित /केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं

1. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (केन्द्रांश 60%, एवं राज्यांश 40%)

2. मध्य प्रदेश में एकीकृत बागवानी विकास मिशन वर्ष 2005–06 से लागू किया गया है तथा वर्तमान में प्रदेश के 40 जिले मिशन मे शामिल है चयनित जिलों की सूची निम्नानुसार है :–

1. भोपाल	2. बैतूल	3. होशंगाबाद	4. सागर
5. जबलपुर	6. छिंदवाड़ा	7. उज्जैन	8. शाजापुर
9. मंदसौर	10. रतलाम	11. देवास	12. इंदौर
13. धार	14 झाबुआ	15. खरगौन	16 खण्डवा
17 मण्डला	18. डिण्डोरी	19. बुरहानपुर	20. बड़वानी
21. रीवा	22. सतना	23. हरदा	24. राजगढ
25. गुना	26. नीमच	27. ग्वालियर	28. छतरपुर
29. सीहोर	30. विदिशा	31. सीधी	32. अलीराजपुर
33. सिंगरौली	34. अशोकनगर	35. रायसेन	36. दमोह
37. पन्ना	38. टीकमगढ़	39. दतिया	40. आगर–मालवा

उद्देश्य

- मिशन अवधि में उद्यानिकी का क्षेत्रफल एवं उत्पादन दो गुना करना ।
- मिशन के अंतर्गत चयनित 40 जिलों में आम, आंवला, संतरा, अमरूद, अनार, सीताफल, बेर, केला, पपीता, धनियां, अदरक, हल्दी, लहसुन, मिर्च एवं पुष्प फसलों का विकास करना ।
- उच्च प्रजाति के पौधों के उत्पादन एवं वितरण के लिए बड़ी एवं छोटी मॉडल रोपणियों की स्थापना।
- पौध रोपण अधोसंरचना का विकास ।
- प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देना ।
- संरक्षित खेती अंतर्गत पॉली हाउस एवं शेडनेट हाउस का निर्माण एवं प्लास्टिक मल्चिंग को बढ़ावा।
- फसलोत्तर प्रबंधन प्रसंस्करण, भण्डारण, परिवहन, निर्यात की सुविधाओं के विस्तार के लिए अधोसंरचना विकास करना ।
- आधुनिक तकनीकी का कृषकों को प्रशिक्षण ।
- उद्यानिकी फसलों पर अनुसंधान, कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से ।

फोकस फसलें

फल : आम, संतरा, अमरूद, आंवला, पपीता, केला एवं अनार,

मसाले : धनियाँ, अदरक, हल्दी, मिर्च, लहसुन

पुष्प : कट फ्लावर, बल्बस फ्लावर, लूज फ्लावर

अनुदान व्यवस्था :–

एकीकृत बागवानी विकास मिशन में संचालित योजनाओं में घटकवार दी जाने वाली सहायता के लागत मापदंड तथा अनुदान सहायता का विवरण परिशिष्ट–1 पर दिया गया है।

वर्षवार आवंटन तथा व्यय राशि का विवरण निम्नानुसार है

(राशि लाख में)

वर्ष	आवंटन राशि	व्यय राशि
2008–09	6900.00	6726.02
2009–10	4461.19	7176.69
2010–11	6233.97	6556.08
2011–12	6922.43	6821.11
2012–13	3439.08	3540.31
2013–14	7653.22	5783.01
2014–15	4901.12	5672.51
2015–16	6750.00	6748.50
2016–17	7559.00	2607.35
2017–18 (दिस.–17)	5000.00	2853.81

1.1 शासकीय एवं निजी क्षेत्र में बीजोत्पादन

वर्ष	इकाई	भौतिक (हेक्टर)				वित्तीय (लाख में)				हितग्राही संख्या
		लक्ष्य		पूर्ति		प्रावधान		व्यय		
		शा.	निजी	शा.	निजी	शा.	निजी	शा.	निजी	
